आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक 27.06.2024 समय 18.30

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद की संयुक्त बैठक को सम्बोधित किया– उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी राशि का लाभार्थियों के खाते में ऑनलाइन हस्तांतरण किया।
- चिकित्सा विभाग विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में महीनेभर जागरूकता गतिविधियां चलायेगा।
- दक्षिण–पश्चिम मॉनसून राजधानी जयपुर पहुंचा–अगले 3–4 दिनों में मॉनसून के और कई स्थानों पर सक्रिय होने के आसार।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए देश भर में ठोस कदम उठाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा–संबंधित निकायों, उनके कामकाज और परीक्षा प्रक्रिया के सभी पहलुओं में बड़े सुधारों की दिशा में काम कर रही है।

..................

राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार आगामी संसद सत्र में अपना पहला आम बजट पेश करने जा रही है, यह उसकी दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा और सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। अर्थव्यवस्था की मजबूती पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि केंद्र विनिर्माण, सेवाओं और कृषि को समान महत्व दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर पर्यटन और स्वास्थ्य हर क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभर रहा है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। कृषि क्षेत्र को दी गई प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण क्षमता बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। उन्होंने भारतीय शहरों को दुनिया में सर्वोत्तम रहने की जगह बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

अपने लगभग एक घंटे के संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार की पहल पर भी प्रकाश डाला और कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले दस वर्षों में तीन लाख 80 हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर प्रदेश के 88 लाख 44 हज़ार लाभार्थियों के खाते में 1 हज़ार 38 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की तो सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने जो वायदे किये उन्हें उनकी सरकार तेजी से पूरा करने में जुटी है।

..................

उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन से लाभार्थी अपनी बुनियादी आवश्यकता पूरी कर पाएंगे। इससे बुजुर्ग, विशेष योग्यजन, विधवा महिलाएं सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूलमंत्र है। प्रदेश के सभी जिलों में भी मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम से योजना के लाभार्थी जुड़े। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रमों में विभिन्न मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

000

सेवानिवृत न्यायाधीश गंगाराम मूलचंदानी को मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने उनकी नियुक्ति के आदेश जारी कर दिये हैं। भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अशोक गुप्ता को मानवाधिकार आयोग का सदस्य बनाया गया है। इन दोनों की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो तक की अवधि के लिये की गयी है।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। आज हम आपको इन कानूनों में फोरेंसिक का महत्त्व बढ़ाने के लिये किये गये उपायों के बारे में बता रहे हैं। इनके तहत 7 वर्ष या इसे अधिक सजा प्रावधान के अपराधों के लिये फोरेंसिक जांच को अनिवार्य किया गया है। सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में 5 सालों के भीतर फोरेंसिक का बुनियादी ढांचा तैयार होगा। मैन पावर के लिये राज्यों में फोरिंसिक यूनिवर्सिटी की शुरूआत होगी और फोरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए विभिन्न स्थानों पर लैब स्थापित की जायेंगी।

000

विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। यह दिवस दो चरणों में मनाया जाएगा, जिसमें महीनेभर तक हर पखवाड़े में विशेष कार्यक्रम होगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सीमित परिवार और बच्चों में अंतराल रखने के प्रति जागरुकता करने के लिए मोबिलाइजेशन पखवाड़ा आज से शुरू हो गया है। यह 10 जुलाई तक चलेगा। सेवा प्रदान पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा। मोबिलाइजेशन पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से अपने क्षेत्र में अलग–अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इनके द्वारा योग्य दंपतियों से संपर्क कर सीमित परिवार के लाभ, पहले औरदूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर, अंतरा गर्भनिरोधक इन्जेक्शन, परिवार कल्याण सेवाएं और पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी। जिला और ब्लॉक स्तर पर 'विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान' थीम पर कार्यक्रम होगें। 11 जुलाई से शुरू होने वाले पखवाड़े को सेवा प्रदान पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत जिला और ब्लॉक स्तर पर परिवार विकास मेलों का आयोजन कर परिवार कल्याण साधनों का प्रदर्शन होगा। यहां आने वाले लोगों को परिवार कल्याण साधनों के बारे में परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी ब्लॉक पर चिकित्सा टीमों द्वारा पुरुष और महिला नसबंदी शिविर आयोजित किए जाएंगे।

0000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

000

खान सचिव आनन्दी ने प्रदेश में खनिजों की खोज के काम में जुटी केन्द्र और राज्य की संस्थाओं से आपसी तालमेल और सहयोग से खनिज खोज कार्य को गति देने के निर्देश दिये हैं। आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि मेजर और माइनर खनिज प्लॉटों की नीलामी में राजस्थान देश के अग्रणी प्रदेशों में शुमार हो गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 24–25 में मेजर मिनरल के 15 ब्लाक्स में से 9 ब्लॉक्स की माइनिंग लीज और 6 की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की जा चुकी है। इसके अलावा लाइमस्टोन के चार ब्लॉक्स की नीलामी 7 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी। बैठक में जीएसआई के निदेशक हरीश मिस्त्री ने बताया कि जीएसआई द्वारा राज्य सरकार को 39 जियोलोजिकल रिपोर्टस और 45 जियोलोजिकल मेमोरेंडम दिये गये हैं वहीं एमईसीएल द्वारा 42 जियोलोजिकल मेमोरेंडम दिये गये हैं।

000

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के संबंध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन दोनों आरोपीयों को बिहार के पटना से हिरासत में लिया गया। नीट–यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले की अधिकारिक तौर पर सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई सोमवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई के कार्यालय पहुंची और इस मामले में जांच शुरू की।

000

प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से लगातार बारिश का दौर जारी है। सलूंबर में तेज हवाओं के साथ आज भी कई गांवों में बारिश हुई । राजसमंद जिले में बारिश से खेतों में पानी जमा हो गया। डीग जिले में लगातार बारिश के बाद किसानों ने बुवाई का काम शुरू कर दिया है। डूंगरपुर में दोपहर बाद हल्की बारिश हुई। इसके अलावा सिरोही उदयपुर बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश के समाचार हैं। दूसरी ओर कई जिलों में आज गर्मी और उमस का

असर रहा। मौसम केंद्र जयपुर ने कहा है कि आज राजधानी जयपुर में भी मानसून पहुंच गया है। मानसून प्रदेश के दक्षिण और पूर्वी भागों में आगे बढ़ा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में पूर्वी धौलपुर, ब्यावर, भरतपुर, भीलवाड़ा, टोंक, जयपुर और कोटा जिलों में कहीं भारी और कहीं–कहीं बहुत बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक 131 मिलीमीटर बारिश धौलपुर में दर्ज की गई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी तीन–चार दिनों में राज्य के कुछ और भागों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

000